तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 22.0° | 31.0° |
| इंदौर | 21.0° | 32.0° |
| जबलपुर | 22.0° | 28.0° |
| ग्वालियर | 24.0° | 33.0° |
| सागर | 22.0° | 27.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 297, पृष्ठ 12)
भाद्रपक्ष, शुक्ल चतुर्दशी संवत् 2083
शुक्रवार, 25 सितम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com | भोपाल संस्करण | भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित




**राजधानी...** पिछड़ा वर्ग छात्रावासों में नौ हजार विद्यार्थियों के लिए ...


**खेल...** रोहित, विराट टीम में रहे तो विश्वकप जीतने की संभावना 90...


**व्यापार...** चेन्नई के अलावा देश के दूसरे सर्राफा बाजार में महंगा...


**देश-विदेश...** राष्ट्रपति ट्रंप और ताकाइची ने जापान-अमेरिका...


## खास-खबरें

### कस्टम ड्यूटी में कटौती खाने का तेल सस्ता

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** केंद्र सरकार ने खाद्य तेलों पर बेसिक कस्टम ड्यूटी में कटौती की है। नई दरें गुरुवार से लागू हो गई हैं। सरकार के इस फैसले से देश में खाना पकाने के तेल की आयात लागत कम होने और कीमतों में राहत मिलने की उम्मीद है। वित्त मंत्रालय के अनुसार क्रूड सोया ऑयल और क्रूड पाम ऑयल पर कस्टम ड्यूटी 10% से घटाकर 5% कर दी गई है। वहीं, रिफाइंड सोया और रिफाइंड पाम ऑयल पर शुल्क 32.5% से घटाकर 27.5% किया गया है। क्रूड सूरजमुखी तेल पर कस्टम ड्यूटी 10% से घटाकर शून्य कर दी गई है। इसके अलावा रिफाइंड सूरजमुखी तेल पर शुल्क 32.5% से घटाकर 22.5% कर दिया गया है।

### मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ शिकायत

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दिल्ली के संसद मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराई और एफआईआर दर्ज करने की मांग की। उन्होंने मतदाता सूची से जुड़े फैसलों और चुनाव आयोग के डिजिटल सिस्टम में कथित अनियमितताओं के आरोप लगाए। पुलिस ने अभी एफआईआर दर्ज नहीं की है। महुआ ने दावा किया कि चुनाव आयोग के दो अन्य आयुक्तों ने पिछले 10 महीनों में कई फैसलों पर आपत्ति जताई थी। इनमें मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने और बहाल करने तथा मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया में बदलाव से जुड़े फैसले शामिल हैं।

# दो कश और नौ जिंदगियाँ खाक

## आग का गोला बनी बसः सवार 35 यात्रियों में से 9 जिंदा जले, 20 घायल

**नईदुनिया ब्यूरो, नोएडाः** ड्राइवर-कंडक्टर के सिगरेट के दो कश लगाने के जुनून से स्लीपर एसी बस आग का गोला बन गई और नौ जिंगदियां खाक हो गईं। बस में 35 यात्री सवार थे। जिसमें से 9 जिंदा जल गए, 20 घायल हुए, शेष ने खिड़की से कूदकर अपनी जान बचाई। हादसा यमुना एक्सप्रेस-वे पर बुधवार रात का है। मृतकों में 8 पुरुष और एक महिला शामिल हैं। आग में कई शव पूरी तरह जल गए, जिससे उनकी पहचान करने में परेशानी हो रही है।

- दिल्ली से महोबा जा रही थी स्लीपर एसी बस
- राज कल्पना ट्रैवल्स की बस पर पहले से 19 चालान
- नोएडा के पास यमुना एक्सप्रेस-वे पर हादसा
- शेष ने खिड़कियों से कूदकर बचाई जान



**ड्राइवर-कंडक्टर सिगरेट के कश लगा रहे थे तभी बस में भड़क गई आग**

बस दिल्ली के कश्मीरी गेट से रात करीब 9:30 बजे मप्र के महोबा के लिए रवाना हुई थी। रात करीब 11:30 बजे जेवर एयरपोर्ट से लगभग 500 मीटर पहले बस में आग लग गई। कुछ यात्रियों के अनुसार बस में जलने की गंध आने लगी थी। यात्रियों ने यह भी बताया कि ड्राइवर और क्लीनर सिगरेट पी रहे थे। विरोध करने पर दोनों हंसने लगे। जब ड्राइवर-कंडक्टर सिगरेट के कश लग रहे थे तभी बस में आग भड़क गई। यात्रियों के शोर करने के बाद भी ड्राइवर ने तुरंत बस नहीं रोकी। धुआं भरने जब यात्रियों को घुटन हाने लगी तो उन्होंने शीशे तोड़ने शुरू कर दिए। इसके बाद बस रोकी गई। तब तक बस में आग फैल चुकी थी। कुछ यात्री खिड़की से कूद गए। कई यात्री झुलसते हुए दरवाजे से बाहर निकले। लेकिन जो भाग नहीं सके या गहरी नींद में थे वे जिंदा जल गए।

### स्पार्किंग से इंजन में आग लगने की आशंका

शुरुआती जांच में एसी में स्पार्क या ब्लास्ट के कारण इंजन में आग लगने की आशंका जताई गई है। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब 45 मिनट में आग पर काबू पाया गया। फायर फाइटर्स ने बस का पिछला हिस्सा काटकर अंदर प्रवेश किया और एक-एक शव बाहर निकाला। रेस्क्यू अभियान करीब दो घंटे चला। पुलिस के अनुसार बस म्प्र के राज कल्पना ट्रैवल्स की है। पूर्व में बस के 19 चालान हो चुके हैं और 1.75 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है। पुलिस ने दो ड्राइवर पवन और विनोद तथा कंडक्टर योगेश को गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान बस की डिग्गी में काफी मात्रा में नेल पॉलिश और एक सिलेंडर भी मिला है। पुलिस ने दो ड्राइवरों पवन और विनोद और कंडक्टर योगेश को गिरफ्तार किया है।

## एशियन गेम्सः पांचवें दिन भारत को मिले चार पदक

**जापान, एजेंसीः** एशियन गेम्स के पांचवें दिन भारत ने चार पदक जीते। सीमा कुमारी ने महिलाओं की 10 हजार मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने 32 मिनट 50.05 सेकंड में रेस पूरी की। बहरीन की विनफ्रेड यावी ने 32:39.18 के समय के साथ स्वर्ण और जापान की नोजोमी तनाका ने 32:41.54 के समय के साथ रजत पदक जीता। रोशिबिना देवी ने वुशु के 60 किलोग्राम सांडा वर्ग में रजत पदक जीता। शूटिंग में अनंतजीत सिंह नारूका और परिनाज धालीवाल की जोड़ी ने मिश्रित स्कीट में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं, रोइंग में सतनाम सिंह और सलमान खान ने कांस्य पदक जीता। चार पदकों के साथ भारत के कुल पदकों की संख्या 16 हो गई है। इनमें एक स्वर्ण, छह रजत और नौ कांस्य पदक शामिल हैं। चीन 100 से अधिक पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है।

## सुगम परिवहन सेवा को आज हरी झंडी दिखाएंगे मुख्यमंत्री



***नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः*** *प्रदेश में 25 सितंबर से मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भोपाल के भेल दशहरा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सात शहरों की 351 इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों को हरी झंडी दिखाएंगे। परिवहन विभाग द्वारा शुरू की जा रही इस सेवा का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम, सुरक्षित, आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है। इसके तहत प्रदेश की 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों तक परिवहन सेवा का विस्तार करने का लक्ष्य रखा गया है। शुरुआती चरण में इंदौर में 145, भोपाल में 106, जबलपुर में 67, रीवा में 18, देवास में 10, कटनी में तीन और भिंड में दो बसें संचालित की जाएंगी। इनमें इंटरसिटी और इंट्रासिटी दोनों तरह की बसें शामिल हैं। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत वर्ष 2031 तक प्रदेश में 15 हजार बसें संचालित करने का लक्ष्य है। पहले वर्ष 1,500 बसें चलाने की योजना है। इसके बाद हर वर्ष करीब 2,500 से 3,000 बसें बढ़ाई जाएंगी। बसों का संचालन सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर किया जाएगा।*

## प्रदेश संगठन महामंत्री बने चंद्रशेखर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश भाजपा को करीब आठ महीने बाद पूर्णकालिक प्रदेश महामंत्री (संगठन) मिल गया है। केंद्रीय संगठन की ओर से जारी नियुक्तियों की सूची में चंद्रशेखर को मध्य प्रदेश का प्रदेश महामंत्री (संगठन) बनाया गया है। उनका केंद्र भोपाल रहेगा। वे प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के साथ संगठन की जिम्मेदारी संभालेंगे। यह पद 31 जनवरी 2026 को हितानंद शर्मा की संघ में वापसी के बाद खाली हुआ था। उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र का सह-बौद्धिक प्रमुख बनाया गया था और उनका केंद्र जबलपुर तय किया गया था। इसके बाद क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में संगठन का काम देख रहे थे। चंद्रशेखर की नियुक्ति से करीब 236 दिन बाद पद पर पूर्णकालिक नियुक्ति हुई है। चंद्रशेखर मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के रहने वाले हैं। वे संघ में प्रचारक के रूप में काम कर चुके हैं।

## प्रोटोकॉल तोड़ जिनपिंग को लेने एयरपोर्ट पहुँचे ट्रंप



**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसीः** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग गुरुवार सुबह अमेरिका पहुंचे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रोटोकॉल तोड़कर खुद जॉइंट बेस एंड्रयूज एयरपोर्ट पहुंचे और जिनपिंग का स्वागत किया। ट्रंप के साथ फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप भी मौजूद थीं। जिनपिंग के साथ उनकी पत्नी पेंग लियुआन भी अमेरिका पहुंची हैं। जिनपिंग का गुरुवार को व्हाइट हाउस में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। समारोह में सैन्य विमान फ्लाईओवर करेंगे और करीब 500 अमेरिकी सैन्यकर्मी शामिल होंगे। इसके बाद ट्रंप और जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बातचीत होगी। रात में ट्रंप जिनपिंग और पेंग लियुआन के सम्मान में व्हाइट हाउस में स्टेट डिनर देंगे। बैठक में व्यापार और टैरिफ के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ताइवान और रूस से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है।





स्कैन करें

Flipkart | amazon.in पर भी उपलब्ध*

10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE

72198 21111

*नियम और शर्तें लागू। उल्लिखित ESRPs, 125 सिंगल सीट वेरिएंट के हैं. स्टंट्स विशेषज्ञों द्वारा, पेशेवर निगरानी में, नियंत्रित और बंद वातावरण में, आम जनता या सार्वजनिक सड़कों से अलग रहकर किए गए हैं. इन स्टंट्स को दोहराने का प्रयास न करें और हमेशा यातायात एवं सुरक्षा नियमों का पालन करें. लागू ऑफर अलग-अलग मॉडल/राज्यों में अलग हो सकते हैं. E-कॉम ऑफर संबंधित E-कॉम पार्टनर के नियमों और शर्तों के अधीन हैं. E-कॉम ऑफर अलग-अलग पार्टनर्स के अनुसार अलग हो सकते हैं. तस्वीरें केवल उदाहरण के लिए हैं. असली रंग अलग हो सकते हैं.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Raisen Road** SURJEET BAJAJ 2590000 • **Berasia Road** GURU KRIPA BAJAJ 9329148940 • **MP Nagar** OM ADVANCE BAJAJ 9993377326 • **Biaora** YADAV BAJAJ 7987592880 • **Betul** Ashmit SACHIN BAJAJ 9827063930 • **Chhatarpur** TIKARIYA BAJAJ 248027 • **Guna** KK BAJAJ 7303055855• Harda SURJEET BAJAJ 9926004248 • **Itarsi** SMH BAJAJ 7000805580 • **Narsinghpur** SATKAR BAJAJ 7747008720 • **Raisen** MOTI BAJAJ 8962448444 • **Sagar:** SHASHANK BAJAJ 07582-356702 • **Sehore** SUDERSHAN BAJAJ **8225023340/9826023340**• **Vidisha** SHREE BALAJI BAJAJ 8839791436 • **Ashoknagar** SAHIL BAJAJ 220590. • **Vidisha** SHREE BALAJI BAJAJ 8839791436.